मॉड्यूल 1: बाल अधिकार तथा संरक्षण कानूनों से एक परिचय

सत्र 4: बच्चों के संरक्षण के लिए कानूनी ढांचा

अवधिः 1:34 मिनट

आईए अब बाल संरक्षण सेवाओं के बारे में और विस्तार से जानें।

बाल संरक्षण सेवाएं उस बदलाव को इंगित करती है जो स्कीम की कार्य पद्धति से परियोजना की कार्य पद्धति की ओर हुआ; यह परिवार आधारित गैर–संस्थागत देखरेख पर बल देती है। इसके बारे में जान लेने पर आपको समेकित बाल संरक्षण योजना (आईसीपीएस) के उद्देश्यों जो कि यह बताने में मदद मिलेगी कि आवश्यक सेवाओं को संस्थागत करना और आपातकालीन आऊटरीच, संस्थागत देखरेख, परिवार एवं समुदाय आधारित देखरेख, परामर्श, तथा सहायक सेवाओं को राष्ट्रीय, क्षेत्रीय, राज्य तथा जिले स्तर पर सशक्त बनाना है;

- सभी स्तरों पर, सभी कर्मियों, जिसमें प्रशासक और सेवा प्रदाता, सम्बद्ध तंत्र के सदस्यों जिनमें स्थानीय निकाय, पुलिस और न्याय तंत्र भी शामिल है, उनकी क्षमताओं का विकास करना
- बाल संरक्षण सेवाओं के लिए डेटाबेस और ज्ञानाधार तैयार करना जिसमें सूचना तंत्र प्रबंधन और देश में चाइल्ड ट्रैकिंग सिस्टम भी शामिल है ताकि बाल संरक्षण सेवाओं का प्रभावी क्रियान्वयन तथा अनुश्रवण किया जा सके
- परिवार तथा समुदाय स्तर पर बाल संरक्षण का सुदृढ़िकरण
- सभी स्तरों पर अन्तर–विभागीय प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना
- जन जागरुकता बढ़ाना एवं जन समुदाय को बाल अधिकार तथा संरक्षण के संबंध में शिक्षित करना